खुलासा शादी कराना चाहते थे परिजन, अभी और पढ़ना चाहती थी अर्चना, दोस्त के साथ रचा रहस्यमय लापता होने का षड़यंत्र, जीआरपी ने किया मामले का खुलासा

12 दिन बाद उठा रहस्य से पर्दा, दोस्त के साथ नेपाल गई थी अर्चना

नवभारत, कटनी। इंदौर से कटनी आने के दौरान नर्मदा एक्सप्रेस के एसी कोच से सात अगस्त को रहस्यमयी तरीके से लापता हुई कटनी के मंगलनगर निवासी अर्चना तिवारी के मामले का भोपाल एसआरपी राहुल कुमार लोढ़ा ने खुलासा कर दिया है। लापता होने के रहस्य से पर्दा उठाते हुए बुधवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान रेल एसपी राहुल कुमार लोढ़ा ने बताया कि अर्चना को यूपी की लखीमपुर खीरी पुलिस की मदद से बरामद किया गया है। अर्चना ने अपने बयानों में बताया है कि वह आगे पढ़ना चाहती थी, जबकि परिवार वाले उसकी मर्जी के खिलाफ उसका शादी का रिश्ता एक पटवारी से रिश्ता तय कर दिया था। और उसी से शादी कराने का दबाव बना रहे थे। इसी महीने 7 अगस्त को सगाई तय की गई थी। अर्चना ने जीआरपी को बताया कि घर से बिन बताए निकलने की योजना उसी ने बनाई थी। उसका अपहरण नहीं हुआ है, इसी के साथ लापता रहने के दौरान उसके साथ किसी प्रकार का गलत काम भी नहीं हुआ है। घर से भागकर वे अकेले रहकर सिविल जज की तैयारी करना चाहती थी। इससे पहले अर्चना की गुमशुदगी मामले में ग्वालियर के भंवरपुरा थाने के आरक्षक राम तोमर से जीआरपी ने पूछताछ की थी। अर्चना और राम

बीते 2 साल से संपर्क में थे। राम ने अपनी आईडी का इस्तेमाल कर मोबाइल से अर्चना के लिए इंदौर से कटनी का टिकट बुक किया था। अर्चना की सर्चिंग इंदौर, भोपाल, कटनी जीआरपी, जिला पुलिस बल के साथ ही वन विभाग की टीमें भी कर रही थी। अर्चना ने ट्रेन में सफर के दौरान इटारसी में रहने वाले दोस्त तेजेंदर सिंह से कॉल करके मदद मांगी। उसने तेजेंदर को बताया कि वापस इंदौर जाना चाहती है। उसे नर्मदापुरम स्टेशन पर उतार ले। तेजेंदर मदद के लिए तैयार हो गया। उसने नर्मदापुरम स्टेशन पर युवती को ट्रेन से उतारा, अपनी कार से इटारसी पहुंचाया। इटारसी पहुंचने से पहले उसने दोस्त सारांश जैन को कॉल कर दिया था। उन्होंने बताया कि शुजालपुर का रहने वाला सारांश युवती के बताए अनुसार 7 अगस्त की रात को इटारसी पहुंच गया। युवती को लेकर शुजालपुर पहुंचा। यहां कुछ घंटे बिताने के बाद अगले दिन 8 अगस्त को कार से उसे इंदौर छोड़ दिया। भोपाल के रेल एसपी राहुल लोढ़ा ने बताया कि अर्चना ने तेजेंदर को कॉल कर बताया था कि उसके मोबाइल की बैटरी डिस्चार्ज हो रही है। ट्रेन में चार्जर का इंतजाम नहीं हो रहा है। नर्मदापुरम स्टेशन का एक खास स्थान तेजेंदर ने पहले ही बता दिया था। उसने अर्चना से वहीं मिलने की बात कही थी। अर्चना ने बुधनी के करीब मिडघाट में अपना मोबाइल फोन और सिम तोड़कर फेंक दी थी। रेल एसपी ने बताया कि अर्चना एडवोकेट है और सिविल जज की तैयारी कर रही थी उसे पुलिस का काम करने का तरीका मालूम है। उसने ट्रेन में अपनी सीट पर अपना दुपट्टा और सामान छोड़ दिया था। ताकि मामले को गुमराह किया जा सके। मोबाइल मिडघाट में टूटा हुआ मिला, इस कारण पुलिस वहीं आस पास के इलाकों में उसे तलाश रही। रेल एसपी ने बताया कि तेजेंदर और सारांश तक पहुंचने के लिए अलग-अलग स्टेशन के करीब दो हजार से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। सीडीआर के आधार पर तेजेंदर और सारांश से पूछताछ की गई। तब उसके नेपाल में होने की जानकारी मिली। जिसके बाद जीआरपी ने नेपाल एम्बेसी की मदद से युवती को नेपाल बॉर्डर लखीमपुर खीरी तक डिपोर्ट कराया। गया।

युवक कांग्रेस अध्यक्ष ने जीआरपी को दिया 51 हजार का चैक

अर्चना तिवारी के लापता होने के मामले में युवक कांग्रेस अध्यक्ष दिव्यांशु मिश्रा अंशू ने जानकारी देने वाले को 51 हजार रूपए का इनाम देने की घोषणा की राशि दिए जाने की घोषणा की थी। जीआरपी द्वारा लापता अर्चना तिवारी को सुरक्षित दस्तायाबी करने के बाद बुधवार को युवक कांग्रेस अध्यक्ष दिव्यांशु मिश्रा अंशू जीआरपी थाने पहुंचकर 51 हजार रूपए का चैक सौंपा है। चैक सौंपे जाने का उल्लेख बकायदा रोजनामचा दर्ज कर किया गया है। चैक को जबलपुर के रेल पुलिस अधीक्षक कार्यालय को भेजा जाएगा।

एक नजर में

पीएम श्री स्कूल का हाई स्कूल में हुआ उन्नयन

नवभारत, उमरियापान। जिले के ढीमरखेड़ा विकासखंड अंतर्गत पीएमश्री स्कूल गोपालपुर का हाई स्कूल से उन्नयन होकर हायर सेकेंडरी हो गया। शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती हिमांद्री सिंह, बड़वारा विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह की अनुशंसा पर उन्नयन हुआ है। गौरतलब है कि मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी, जिला पंचायत सदस्य कविता पंकज राय द्वारा पीएम श्रीस्कूल गोपालपुर के उन्नयन की मांग की जा रही थी। क्षेत्र की जनता ने सांसद हिमांद्री सिंह, विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही गोपालपुर सरपंच अर्चना प्रवीण तिवारी, मंडल उपाध्यक्ष अरविंद तिवारी, सीमा भरत शुक्ला, महामंत्री सदन तिवारी सहित क्षेत्र की जनता ने आभार व्यक्त किया है।

जिले में अब तक 843 मिमी हुई बारिश

नवभारत, कटनी। जिले में इस वर्ष 1 जून से 20 अगस्त तक 843.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल रीठी तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 1110.4 मिलीमीटर वर्षा हुई है। पिछले वर्ष जिले में अब तक 782.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 7.8 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हुई। भू अभिलेख अधीक्षक अमृता गर्ग ने बताया कि जिले में अब तक कटनी में 908.3, रीठी में 1110.4 मिलीमीटर, बड़वारा में 809 मिलीमीटर, बरही तहसील में 738 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 740.5 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में 741.8 मिलीमीटर, स्लीमनाबाद तहसील में 940.4 मिलीमीटर और ढीमरखेड़ा तहसील में 753.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

माइनिंग कॉन्क्लेव स्थल पहुंचे कलेक्टर-एसपी : तैयारियों का लिया जायजा

23 को अरिंदम होटल में किया जाएगा माइनिंग कॉन्क्लेव का आयोजन

नवभारत कटनी। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव और पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने बुधवार को माइनिंग कॉन्क्लेव आयोजन स्थल होटल अरिंदम का मौका मुआयना किया और यहां माइनिंग कॉन्क्लेव के अंतर्गत की जा रही तैयारियों, व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने यहां 23 अगस्त को माइनिंग कॉन्क्लेव के आयोजन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित अन्य मंत्रियों व जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह सहित अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति को देखते हुए सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने भारत के सभी प्रदेशों से यहां आने वाले

उद्योगपतियों, औद्योगिक घरानों के आगमन के नजरिए से उनके पंजीयन स्टॉल, मुख्यमंत्री के संबोधन स्थल, प्रदर्शनी स्थल, मीडिया हॉल और उद्योगपतियों से मुख्यमंत्री की वन-टू-वन चर्चा और पार्किंग व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

माइनिंग कॉन्क्लेव में खनिज संसाधन विभाग के प्रमुख सचिव उमाकांत उमराव, संचालक माइनिंग और मैनेजिंग डायरेक्टर एमपी स्टेट माइनिंग कारपोरेशन फ्रैंक नोबल ए, एडिशनल सेकेट्री भारती ओगरे, संयुक्त संचालक माइनिंग जितेन्द्र सोलंकी, चीफ जनरल मैनेजर फाइनेंस एमपी स्टेट माइनिंग कारपोरेशन अतुल शर्मा शामिल होगे। इससे पहले जनप्रतिनिधियों ने भी अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया था। विधायक विजयराघवगढ़ संजय सत्येन्द्र पाठक, विधायक मुड़वारा संदीप जायसवाल और कलेक्टर दिलीप कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा सहित खनिज विभाग और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने आयोजन स्थल शहर के होटल अरिंदम का निरीक्षण किया।

आयोजित होने वाली माइनिंग कॉन्क्लेव में प्रदेश सहित देश भर के खनन क्षेत्र में कार्य करने वाले नामचीन उद्योगपति शामिल होंगे। इस कॉन्क्लेव में देश और प्रदेश के नामचीन उद्योगपतियों ने शामिल होने के लिए रूचि प्रदर्शित किया है। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने स्थल का मुआयना कर मंचस्थल, प्रदर्शनी स्थल, उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन चर्चा स्थल, सेक्टोरियल प्रेजेंटेशन, पार्किंग स्थल का जायजा लिया और अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

सीसीटीवी कैमरे में दिखे लाखों की चोरी करने वाले

कोतवाली थाना क्षेत्र के गांधी गंज में हुई है लाखों की चोरी

नवभारत कटनी। नवभारत कटनी। कोतवाली थाना अंतर्गत गांधी गंज में ट्रांसपोर्ट कारोबारी के घर में हुई लाखों की चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले बदमाश में सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं। सीसीटीवी खंगालने के बाद पुलिस टीम बदमाशों की तलाश कर रही है। हालांकि अब तक उनके संबंध में ऐसा कोई ठोस सुराग नहीं मिला है, जिसके आधार पर चोरों को पकड़ा जा सके। इस मामले में कोतवाली थाने में 50 हजार रूपए की चोरी होने का मामला दर्ज किया गया है। जबकि चोरी लाखों रूपए की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र के गांधी गंज निवासी ट्रांसपोर्ट

कारोबारी अनिल जैन अपने घर में ताला लगाकर रिश्तेदार के यहां सागर गए थे। सूने घर का फायदा उठाते हुए चोरों ने वारदात को अंजाम दिया है। चोरी की वारदात की जानकारी ट्रांसपोर्ट कारोबारी को तब मिली, जब वे वहां से लौटकर आए। चोरों ने उनके घर में रखी अलमारी से पांच लाख रूपए नकद, तीस तोला सोने के आभूषण और पांच किलो चांदी से बने आभूषण चोरी किए गए हैं। चोरी लगभग 40 लाख रूपए आंकी जा रही है। चोरी की वारदात की सूचना पर नेहा पच्चीसिया और कोतवाली थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे। जहां पर मौका मुआएना किया गया। चोरों की तलाश शुरू कर दी गई है। पुलिस की अलग-अलग टीमें क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में दो युवक दिखाई दे रहे हैं, पुलिस टीम दोनों युवकों की तलाश कर रही है।

मां वैष्णो देवी दर्शन के लिए रवाना हुआ श्रद्धालुओं का जत्था

उमरियापान से रवाना हुए 11 श्रद्धालु, सकुशल यात्रा की कामना

नवभारत उमरियापान। जिले के उमरियापान न्यू बस स्टैंड से 11 श्रद्धालुओं का जत्था मां वैष्णो देवी के दर्शन के लिए रवाना हुआ। वैष्णो देवी जाने से पहले श्रद्धालुओं ने बड़ी माई मंदिर पहुंचकर मातारानी के दर्शन कर सकुशल यात्रा की प्रार्थना की। श्रद्धालुओं ने माता-पिता और अपने बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। उमरियापान से श्रद्धालु शाम पांच बजे बस से कटनी रेलवे स्टेशन पहुंचे।

जहां से सभी श्रद्धालू ट्रेन पर बैठकर जम्मू-कश्मीर स्थित कटरा रेलवे स्टेशन के लिए प्रस्थान किया। श्रद्धालुओं ने

बताया कि कटरा पहुंचने के बाद वे आगे की शेष यात्रा बस और पैदल पूरी करेंगे। यात्रा पर निकले श्रद्धालुओं में मुकेश लखेरा, पावन चौरसिया, पप्पू चौरसिया, संजीत चौरसिया, रोहित चौरसिया, सुशील चौरसिया, सुख्खी गुप्ता, मुकेश चौरसिया, मनोज चौरसिया, दिलीप डीके चौरसिया सहित 11 श्रद्धालू शामिल हैं।

मंडल अध्यक्ष आशीष चौरसिया ने सभी श्रद्धालुओं की मंगलमय यात्रा की कामना करते हुए कहा कि मातारानी के दरबार में जाना सौभाग्य की बात है। क्षेत्रवासियों की सुख-शांति और समृद्धि की मंगलमय यात्रा की कामना की। वरिष्ठ समाजसेवी जयप्रकाश चौरसिया, शैलेष बाजपेई, अनूप चौरसिया, सतीश चौरसिया ने भी सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार की धार्मिक यात्राएं सनातन धर्म को बढ़ावा देने के साथ ही समाज को एकजुट करने का कार्य करती हैं।

खुलेआम घूम रहे धोखाधड़ी के मामले में फरार आरोपी

अग्रिम जमानत खारिज होने के बाद भी पुलिस नहीं कर रही गिरफ्तार

नवभारत उमरियापान। नवभारत कटनी। धोखाधड़ी के मामले में फरार चल रहे, यूरो प्रतीक कंपनी के तीन डायरेक्टर गुरुवार को मुंबई में नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल परिसर में खुलेआम घूमते दिखाई दिए। उनकी मौजूदगी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिससे मध्यप्रदेश पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। यूरो प्रतीक कंपनी के डायरेक्टर हिमांशु श्रीवास्तव, सन्मति जैन, सुनील अग्रवाल के खिलाफ कटनी के कोतवाली और माधवनगर पुलिस थाने में धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज

है। खास बात यह है कि इन तीनों ही आरोपियों की जमानत अर्जियां सुप्रीम कोर्ट तक से खारिज हो चुकी हैं। तीनों के खिलाफ कोलकाता में भी मामला दर्ज है और हाल ही में कोलकाता पुलिस ने अनूपपुर में उनको पकड़ने महेंद्र गोयनका के ठिकानों पर छापेमारी की थी, लेकिन तीनों आरोपी वहां से भागने में सफल हो गए थे। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में इस हाई-प्रोफाइल केस की जांच सीआईडी से हटाकर कटनी पुलिस को सौंपी थी और आरोपियों की गिरफ्तारी का रास्ता साफ किया था। इसके बावजूद अब तक पुलिस किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। वायरल वीडियो में फरार आरोपी मुंबई में अदालत परिसर में मौजूद नजर आ रहे हैं।

कानूनी विशेषज्ञों का कहना है कि जब शीर्ष अदालत स्पष्ट निर्देश दे चुकी है, तो पुलिस की ओर से ऐसी ढिलाई न केवल न्याय प्रक्रिया को प्रभावित करती है, बल्कि जांच की निष्पक्षता पर भी सवाल खड़े करती है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि आरोपियों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है, जिसकी वजह से पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही। वहीं, अब आम जनता और कानूनी हलकों में यह बहस तेज हो गई है कि जब फरार आरोपी न्यायालय में मौजूद थे और वीडियो तक सार्वजनिक हो गया, तो उन्हें गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया।

दस किलोमीटर तक गाय को घसीटते ले गया ट्रक चालक, हुई मौत

गौरक्षा प्रमुख ने की मांग, गौ हत्या के तहत की जाए कार्रवाई

नवभारत बाकल। जिले की सलीमनाबाद तहसील में बीती रात दर्दनाक घटना सामने आई। रात करीब 9 बजे एक ट्रक चालक की लापरवाही से सड़क हादसे में एक गाय की जान चली गई। बताया जाता है कि ट्रक की टक्कर के बाद गाय वाहन के नीचे फंस गई और चालक ने ट्रक को रोकने के बजाय गाय को लगभग दस किलोमीटर तक उसे घसीटते हुए ले गया।

घटना के दौरान बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने ट्रक का पीछा किया। पीछा करने के दौरान एक

कार्यकर्ता घायल भी हो गया। इसी बीच पीछे से आ रहे एक अन्य ट्रक ने भी दो गायों को टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही जिला गौ सुरक्षा प्रमुख शानू ठाकुर अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और दोनों ट्रकों को जब्त कर लिया। हालांकि दोनों ट्रक चालक मौके से फरार हो गए।

जिला गौ रक्षा प्रमुख सौरभ चौरसिया ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि जब तक गौ हत्या के खिलाफ कठोर कानून नहीं बनेगा और सीधे जेल भेजने का प्रावधान नहीं होगा, तब तक ऐसी घटनाएं थमने वाली नहीं हैं।

उन्होंने मध्यप्रदेश सरकार से मांग की कि गौ हत्या करने वालों को कड़ी सजा का प्रावधान किया जाए। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार ट्रक चालकों की तलाश शुरू कर दी है।

शिक्षक संघ प्रतिनिधि मंडल ने की विधायक से मुलाकात

लंबित क्रमोन्नति के प्रकरण सहित अन्य समस्याओं के निराकरण की मांग

नवभारत कटनी। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ का प्रतिनिधि मंडल बहोरीबंद विधानसभा के विधायक प्रणय पांडे के निवास में जाकर मुलाकात की। इस दौरान शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल ने कर शिक्षक संवर्ग और नवीन शिक्षण संवर्ग की विभिन्न समस्याओं की जानाकारी दी।

मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल ने विधायक को बताया कि क्रमोन्नति के प्रकरण पिछले एक साल से लंबित है गोपनीय चरित्रावाली को लेकर शिक्षक विभिन्न जिलों में जाकर

हस्ताक्षर करवा रहे हैं, विभिन्न प्रकार के एरियर्स जिनका भुगतान संकुल प्राचार्य द्वारा नहीं किया जा रहा है, गुरुजी संवर्ग की सेवा पुस्तिकाओं में अनावश्यक आपत्तियां लगाई जा रही हैं। सभी समस्याओं के निराकरण कराने की मांग की गई।

प्रतिनिधि मंडल में आशीष उर्मलिया अध्यक्ष, मनीष दीक्षित जिला सचिव प्रमोद मिश्रा, गणेश शंकर गर्ग, राकेश उर्मलिया सयोजक उपस्थित रहे।

आयोजन भक्ति भाव से मनाया गया सतगुरू बाबा माधवशाह का प्रकाशोत्सव

प्रकाशोत्सव पर्व में आनंद और भक्ति का अद्भुत संगम, हरे माधव दरबार में उमड़े श्रद्धालु

नवभारत, कटनी। जीवनमुक्त सतगुरु बाबा माधवशाह साहिब जी का पावन प्रकाशोत्सव प्रेमा भक्तिभाव से मनाया गया। इस पावन पर्व में सम्मिलित होने देश-विदेश से हजारों श्रद्धालुजन हरेमाधव दरबार साहिब पधारे। जीवनमुक्त लीलाधारी सतगुरु बाबा माधवशाह साहिब ने अनन्त लीलाएं जीवजगत में जन कल्याण के लिए रचीं, दुख कष्ट हरे। गुरु साहिबान जी की ऐसी ही कुछ दिव्य लीलाएं चलचित्र के माध्यम से सर्व संगतों ने देखीं कि सन् 1950, विभाजन की त्रासदी के समय जब कस्बे में लोगों के पास रहने के लिए न छत थी, न खाने के लिए अनाज, भारी गरीबी

थी तब आप गुरुमहाराज जी स्व अनाज की बोरियां प्रभातिवेले जनमानस के घरों के बाहर छोड़ आया करते, प्रभु साहिबानों की इन करुणामय लीलाओं के जामिन साक्षी आज नगर में रहने वाले ही कई परिवारजन हैं जो इन उपकारी लीलाओं के साक्षी हैं जो महर कृपा के दृष्टांत सुनाते हैं किस तरह सतगुरु जी ने सुखद थांव दे जीवन संवारा । और भी कई उपकारी लीलाएं चलचित्र के माध्यम से दर्शाई गईं थीं । जब सतगुरु साहिबानों ने यह सब लीलाएं रचीं पर उस समय कोई कण भी जान ना पाया, सो आज प्रभुसाहिबानों की परम भजन ज्योंत् जीवनमुक्त सतगुरु बाबा ईश्वरशाह साहिब जी के रूप में प्रगटोंप्रगट है, आपजी अपने भजन कंठ से लीलाएं महिमाएं भजन दृष्ट से निहार प्रकाशमय कर जनमानस के लिए भक्ति पथ ज्योर्तिमय कर रहे है। सतगुरु जी ने अपने वचनों के दौरान फरमाया- परम प्रभु सतगुरु बाबा माधवशाह साहिब जी का प्रकाशोत्सव मनाने का भाव यह कि, परम ठाकुरों के असल स्वरूप का जीवों को ज्ञान हो, अब विराट शक्ति रूप समरथ ताकतों को प्रगट करने का, प्रकाशमय करने का परम मंगलवेला है। जीवनमुक्त सतगुरुओं के प्रकाश पर्व पर उनकी परम लीलाएं प्रकट होना अनिवार्य हैं, जिनकी हर एक लीला में, हर एक कला में अनन्त प्रकाश ही प्रकाश है। हरे माधव गुरुमहाराज जी के प्रकाशोत्सव का यह कार्यक्रम प्रातः हरेमाधव अरदास मेरे सतगुरां हम शरण तेरी आए से आरम्भ हुआ तत्पश्चात भजन राग सद् ग्रंथ वाणियों का गायन और एल.ई.डी. पर सतगुरु उपकारी लीलाओं की प्रस्तुति संध्याकाल तक सतगुरु मेहर कृपा का दौर चलता रहा। सभी संगतें सतगुरु दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त कर झूम रहीं, आनन्द मग्न हो रहीं, सतगुरु बाबाजी पर बल बल जा रहीं। संपूर्ण वातावरण सतगुरु भक्ति, प्रेम और आनन्द से सरोबार रहा।

धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED

दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्राशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।

डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन

डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी) सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ

सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, निःसंतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।

आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का निःशुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक

पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024

17 वर्ष का चिकित्सकीय अनुभव

आज की जरूरत है होम्योपैथिक चिकित्सा
हो जाएं जब सब जगह से निराश Cure Zone जगाए आस
www.curezon.com

Dr.V.B.Khare

क्या आप ऐलोपैथिक, आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के द्वारा इलाज से उचित लाभ नहीं ले पा रहे हैं? तो आज ही अपनी विभिन्न शारीरिक एवं मानसिक परेशानियों के लिए संपर्क करे।

क्योर जोन
होम्योपैथिक क्लीनिक एवं मनोवैज्ञानिक परामर्श केन्द्र

डॉ. व्ही. बी. खरे
M.A.Psych., B.Sc. B.H.M.S.,C.C.H., P.G.D.P.C., D.N.Y.S.
(होम्योपैथिक विशेषज्ञ एवं मनोवैज्ञानिक सलाहकार)

डॉ. अनुभा खरे
B.H.M.S.,D.N.Y.S., C.C.H
(होम्योपैथिक एवं सौंदर्य विशेषज्ञ)

चर्मरोग, वात रोग, बार-बार पथरी होना, किडनी के रोग, माइग्रेन, बालो का झड़ना, बच्चों के रोग, महिलाओं के रोग, यौन रोग, लकवा, मोटापा, थाइराइड प्राब्लम, PCOD, किसी भी प्रकार की गॉठ, बवासीर एवं सभी प्रकार की शारीरिक एवं मानसिक आघात की चिकित्सा व मानसिक रोग, डिप्रेशन, तनाव आदि के उपचार के लिए संपर्क करें।

मोहन टॉकीज के पीछे, शुभ श्री टेलर के सामने, फर्स्ट फ्लोर, कटनी (म.प्र.)
फोन- 9406540935, 7067230030, 07622-408111